एक नजर में

हिंदू और सनातन संस्कृति एक दूसरे के पर्याय

इंदौर . सनातन संस्कृति संस्कारों पर ही आधारित है. हिंदू और सनातन संस्कृति एक दूसरे के पर्याय एवं पूरक हैं. संस्कारों के अभाव में ही मनुष्य पशुवत माना जाता है. हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें हिंदुस्तान जैसे देश में मनुष्य के रूप में जन्म मिला और हम अपनी जीवन पद्धति को संस्कारों से बांधे रखे हुए हैं. यही हमारे परिवारों की सबसे बड़ी विशेषता है. सौलह संस्कार हमारी सनातन और हिंदू संस्कृति की बुनियाद हैं. यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने वाला सबसे पौराणिक अनुष्ठान है. ये विचार हैं काशी के यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे के, जो उन्होंने बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर चल रहे विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में उपस्थित यजमानों एवं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. यज्ञ समिति के देवव्रत पाटीदार एवं अलकेश सुलिया ने बताया कि इस अवसर पर पंचमुखी धाम आगरोद के अधिष्ठाता महंत कृष्णगोपाल दास ने रविवार को देवास के विनीत-निकिता गुप्ता के बालक शाश्वत का अन्नप्राशन संस्कार भी यज्ञ शाला में कराया गया. उन्होंने चांदी की कटोरी में भगवान को भोग लगी हुई खीर का पहला स्वाद बालक को चखाकर इस संस्कार को पूरा कराया.

राष्ट्रीय पशु अधिकार मार्च निकाला

इंदौर . इंदौर में तीन दिनों तक चले एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया 2026 का समापन रविवार को आयोजित राष्ट्रीय पशु अधिकार मार्च के साथ हुआ. इस मार्च में देशभर के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, वीगन कम्युनिटी, युवाओं और आम नागरिकों सहित 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. मार्च पालासिया से विजय नगर तक निकाला गया. प्रतिभागियों ने पोस्टर, बैनर और जागरूकता संदेशों के माध्यम से पशुओं पर हो रही क्रूरता, कानूनी कमियों और संवेदनशील मुद्दों को सामने रखा. इस दौरान प्रतिभागियों ने शांतिपूर्ण और संवेदनशील तरीके से जागरूकता बढ़ाई. मार्च के बाद समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि पशु अधिकारों से जुड़े मुद्दे अभी भी भारत में चर्चा से ज़्यादा मैदान में काम की मांग करते हैं. प्रतिभागियों ने यह भी माना कि मौजूदा कानूनी संरचना, प्रशासनिक उदासीनता और सामाजिक जागरूकता की कमी, तीन ऐसे बड़े कारण हैं जिनसे पशु अधिकार आंदोलन को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. इंदौर एनिमल लिबरेशन की को-फाउंडर दुर्गा बलानी ने कहा कि यह सम्मेलन सिर्फ संवाद का मंच नहीं, बल्कि एक सक्रिय नेटवर्क बनाने की प्रक्रिया है. तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित हुए, जिनमें पशुओं पर अत्याचार की जांच और दस्तावेज़ीकरण, कानूनी प्रक्रिया, वकालत, वीगन जीवनशैली, ग्रासरूट एक्टिविज़्म, जनजागरूकता रणनीति, और समुदाय निर्माण जैसे विषय शामिल थे।

जगद्गुरु का जन्मोत्सव पर किया सम्मान

इंदौर . महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में जगद्गुरु रामानंद स्वामी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया. इस मौके पर जगद् गुरु का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में वैषनव संप्रदाय के महाराज भी उपस्थित थे.

कॉम्बिंग गश्त : 153 शराबी चालक सहित 209 संदिग्धों को पकड़ा

- ड्रोन निगरानी में हॉटस्पॉट से शैडो एरिया तक पुलिस का सख्त पहरा
- 56 गैरजमानती वारंट तामील, 3 घंटे चली वीकेंड नाइट चेकिंग



नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट ने वीकेंड की देर रात व्यापक स्तर पर कार्रवाई की, 10 और 11 जनवरी की दरम्यानी रात 11 से 2 बजे तक चली विशेष चेकिंग में पुलिस ने गुंडे बदमाशों, असामाजिक तत्वों और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्ती दिखाते हुए 209 व्यक्तियों पर वैधानिक कार्रवाई की.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) अमित सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) आरके सिंह के निर्देशन में शहर के चारों जोन में एक साथ यह अभियान चलाया. सभी थाना क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने गश्त, चेकिंग और धरपकड़ की. इस दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित 56 से अधिक गैरजमानती वारंट भी तामील कराए. इनमें लंबे समय से फरार 12 स्थाई वारंट और 44 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं.

ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए की संदिग्धों की सघन जांच

पुलिस ने ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए हॉटस्पॉट, मल्टी, कॉलोनियों और शैडो एरिया में निगरानी की. इस दौरान चाकूबाजों, ड्रग पैडलरों, जिलाबदर बदमाशों और आपराधिक प्रवृत्ति के संदिग्धों की सघन जांच की गई. चेकिंग के दौरान कई संदिग्धों पर कार्रवाई की गई और उन्हें भविष्य में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की सख्त हिदायत दी गई. इंदौर पुलिस का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में भय का माहौल कायम करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे.

कई फरार आरोपियों को भी दबोचा गया

पुलिस की इस कार्रवाई से कई फरार आरोपी भी पकड़ में आए, जिनके खिलाफ आगे की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है. अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी कड़ा प्रहार किया गया. शराब पीकर वाहन चलाने वाले 153 चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. इनमें 82 दोपहिया और 71 चारपहिया वाहन चालक शामिल हैं. पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने जैसी लापरवाह प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जा सके.

एक ही दिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 मोटरसाइकिल चुराईं

इंदौर. बीते दिनों अलग-अलग थाना क्षेत्रों से घरों, कॉलोनियों, पार्किंग और सार्वजनिक स्थानों से 11 दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले दर्ज किए हैं. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एरोड्रम थाना क्षेत्र के स्मृति नगर, छोटा बांगड़दा रोड से पल्सर 150 सीसी बाइक क्रमांक एमपी 09 क्यूक्यू 5587 चोरी हो गई. वहीं विजयनगर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं. गीतांजली अपार्टमेंट से रॉयल एनफील्ड बुलेट एमपी 09 डीसी 2689, मेघदूत गार्डन क्षेत्र से हीरो होंडा सीडी डिलक्स एमपी 09 एमवी 2515 और सी-21 मॉल के सामने से हीरो स्प्लेंडर प्लस एमपी 09 जेडएफ 3955 चोरी हो गई हैं.

वहीं, लसूड़िया थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 78 स्थित फिरंगी क्लब की पार्किंग से रॉयल एनफील्ड बुलेट पीबी08 डीक्यू 3006 चोरी हो गई. जबकि तिलक नगर थाना क्षेत्र में स्कीम नंबर 140 वाइन शॉप के पास से पल्सर 125 एमपी 09 एक्स जे 6093 चोरी हो गई है. जबकि संयोगितागंज थाना क्षेत्र में आरके हॉस्पिटल की पार्किंग, नवलखा चौराहा से पल्सर 150 एमपी 14 एनबी 0228 चोरी हुई. बाणगंगा क्षेत्र के बजरंगपुरा मेन रोड पर घर के सामने से बाइक एमपी 09 वीजे 8518 चोरी कर ली गई. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में इंद्रपुरी कॉलोनी, गणेश मंदिर के पास से हीरो एफएस डिलक्स एमपी 09 वीवी 2877 चोरी हुई. इसी तरह चंदन नगर थाना क्षेत्र में अहमद नगर, बांक धार रोड से बाइक एमपी 09 क्यूयू 4866 चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है. वहीं द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में द्वारकापुरी इलाके से यामाहा आर-15 बाइक एमपी 09 एक्सएच 0829 किसी अज्ञात आरोपी ने चोरी कर ली. सभी मामलों में संबंधित थानों ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

लगातार सामने आ रहीं वाहन चोरी की घटनाएं

वाहन चोरों पर अंकुश नहीं लगा पा रही पुलिस

हिंदू समाज का संगठित होना आवश्यक

इंदौर. लाभम रेजिडेंसी स्थित केशव परिसर के लाभम प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में क्षेत्र के नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विशाल सनोठिया, वर्तमान इंदौर जिला प्रचार प्रमुख, रहे. अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विश्व में हिंदू समाज के योगदान से भारत का परचम सदैव ऊँचा रहा है. भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और जीवन दर्शन ने सदियों तक विश्व को मार्गदर्शन दिया है. भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने के लिए हिंदू समाज का संगठित होना आवश्यक है. सम्मेलन में अतिथि के रूप में सुरेश यादव तथा मातृशक्ति के रूप में सुनीता दीक्षित दीदी की उपस्थिति रही. दोनों अतिथियों ने सामाजिक एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना पर अपने विचार व्यक्त किए. सोसायटी के सफाई कर्मी भैया का उनके परिवार सहित सम्मान किया गया. इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने इसे समाज में समानता और समरसता का सशक्त संदेश बताया। सम्मेलन में बौद्धिक सत्र, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं. कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई. आयोजन समिति ने सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया.

दास बगीची से निकली जय सियाराम बाबा की चरण पादुका यात्रा

- समूचा क्षेत्र गूंजता रहा जयघोष से, जगह-जगह हुई रंगारंग आतिशबाजी
- दो सौ से अधिक स्थानों पर हुई पुष्प वर्षा, हेलिकॉप्टर ने भी बरसाए फूल

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची से रविवार को दोपहर निकली चरण पादुका यात्रा ने समूचे क्षेत्र एवं यात्रा मार्ग को जय सिया राम बाबा एवं हनुमानजी के जयघोष से गुंजायमान बनाए रखा. हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने दास बगीची और बाबा के प्रति अपने श्रद्धा भाव को नाचते-गाते, झूमते-थिरकते व्यक्त किया. ढाई किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग पर 200 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच और तोरण द्वार लगाकर कहीं पुष्प वर्षा, कहीं फलाहार वितरण, कहीं प्रसाद वितरण के नज़ारे देखने को मिले.

पीलियाखाल स्थित दास बगीची से मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी बाबा की पादुकाओं को मस्तक पर धारण कर जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट के कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल के साथ जैसे ही मंदिर से बाहर आए, पहले से जमा हजारों श्रद्धालुओं में पादुकाओं के दर्शन और पूजन के लिए होड़ सी मच गई. भक्तों का यह काफिला जैसे-जैसे बड़ा गणपति, टोरी कार्नर, लोहारपट्टी, कैलाश मार्ग, अंतिम चौराहा, पंचकुईया, भूतेश्वर महादेव तक पहुंचा, भक्तों की संख्या भी लगातार बढती चली गई. बड़ा गणपति चौराहे पर पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल की ओर से हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा के दृश्य ने भी भक्तों को भाव विभोर बनाए रखा. यात्रा में शहर के प्रमुख धर्म स्थलों के संत, महंत, महामंडलेश्वर, सांसद शंकर लालवानी, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, महापौर प्रतिनिधि भरत पारख, किन्नर समाज की मंडली और गौशालाओं के प्रतिनिधियों सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने 50 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए. मंदिर ट्रस्ट की ओर से सत्यनारायण शर्मा, रामनिवास सांखला, मनोज लिम्बोदिया, विमल पाणिगृही, हरिश्चंद्र यादव एवं दिलीप विजयवर्गीय ने सभी भक्तों और अतिथियों की अगवानी की. सैकड़ो युवाओं और मातृशक्ति ने पूरे समय यात्रा मार्ग की व्यवस्थाएं संभाले रखी.

बालिकाओं ने किया शस्त्र कला का प्रदर्शन

दुर्गावाहिनी से जुड़ी बालिकाओं ने भी शस्त्र कला का भरपूर प्रदर्शन किया. मार्ग में जगह-जगह प्रसाद वितरण, आतिशबाजी-भजन तथा गरबे के दृश्य भी देखने को मिले. वापस दास बगीची पहुँचने पर सभी भक्तों को अभिमंत्रित रक्षा कवच का वितरण भी किया महाप्रसादी के रूप में भंडारा संपन्न हुआ हजारों श्रद्धालु देर रात तक पुण्य लाभ लेते रहे. यात्रा के बाद 14 से 20 जनवरी तक जय सियाराम बाबा की प्रतिमा का पाटोत्सव भी मनाया जाएगा.

नादिया नगर से संजय नगर तक दो घंटे मचाया पागल कुत्ते ने आतंक

बच्चों-बुजुर्गों पर किया हमला, छह से ज्यादा जख्मी, लोगों में दहशत

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के नादिया नगर, एलआईजी कॉलोनी, शिवशक्ति नगर और संजय नगर क्षेत्र में रविवार को एक पागल कुत्ते ने करीब दो घंटे तक आतंक मचाए रखा. इस दौरान कुत्ते ने अलग-अलग जगहों पर छह से अधिक लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. हमले इतने अचानक और हिंसक थे कि कई लोगों के हाथ-पैर में गहरे जख्म आए. कुछ को तो कुत्ते ने लंबे समय तक जबड़े में दबाए रखा. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया.

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे अचानक कुत्ता राह चलते लोगों पर लपकने लगा. पहले उसने दो तीन बाइक सवारों को निशाना बनाया, जो किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल पाए. इसके बाद नादिया नगर में रहने वाले लक्ष्मण वर्मा पर कुत्ते ने हमला

कर दिया. वर्मा ने हाथ से कुत्ते को हटाने की कोशिश की तो उसने उनका पंजा जबड़े में जकड़ लिया. आसपास के लोग छुड़ाने दौड़े, लेकिन कुत्ता काफी देर तक पंजा छोड़े बिना झूलता रहा. किसी तरह वर्मा खुद को बचा पाए, लेकिन तब तक हाथ का काफी मांस बाहर निकलकर लटक चुका था और दूसरा पंजा भी बुरी तरह जख्मी हो गया.

क्षेत्र में 10 से 15 कुत्तों का झुंड सक्रिय, लोगों का निकलना मुश्किल

कुछ ही देर बाद इसी कुत्ते ने क्षेत्र में रहने वाले 12 वर्षीय अबीर, पिता मनोज, पर हमला कर दिया और उसका पैर पकड़कर बुरी तरह काट लिया. बच्चे को बचाने दौड़े लोगों पर भी कुत्ता झपट पड़ा, जिससे लोग पीछे हटने को मजबूर हो गए. इसी दौरान जयश्री वर्मा ने एक व्यक्ति को बचाने की कोशिश की. उनका कहना है कि कुत्ते ने उस व्यक्ति के हाथ-पैर फाड़ दिए थे. काफी मशक्कत के बाद बोरी डालकर किसी तरह उसे छुड़ाया जा सका. उन्होंने बताया कि इलाके में 10 से 15 कुत्तों का झुंड सक्रिय है, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है. रहवासियों ने एक बुजुर्ग महिला के भी कुत्ते के हमले में घायल होने की जानकारी दी है.

सूचना के बाद भी निगम मौन, लोगों में आक्रोश

क्षेत्र में रहने वाले हेमंत कुशवाह ने बताया कि पिछले दो-चार दिनों से एक कुत्ता असामान्य रूप से हिंसक हो गया है. वे खुद भी उसका शिकार होते-होते बचे और भागकर घर में घुसकर जान बचाई. घटना से आक्रोशित रहवासियों का कहना है कि वे पहले भी दो बार नगर निगम को कुत्तों के आतंक को लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. रविवार को भी सूचना देने पर निगम की ओर से सोमवार को टीम भेजने की बात कही गई. बाद में हिंसक कुत्ता घायल अवस्था में दिखाई दिया, लेकिन कुछ समय बाद वह इलाके से गायब हो गया. कुत्ते के न मिलने से लोगों में डर और बढ़ गया है.

मथुरा के फूलों से सजा जीणमाता का दरबार

हजारों भक्तों ने किया मंगल पाठ, जयपुर से बुलवाई 108 मी. चुनरी चढ़ाई

इंदौर. राजीव गांधी चौराहा स्थित द मीरा गार्डन पर रविवार को हजारों साधकों ने अपनी आराध्या जीण माता के मंगल पाठ का दिव्य आयोजन तो किया ही, समूचे परिसर और मां के दरबार को इतने चित्ताकर्षक और मनोहारी स्वरूप में श्रृंगारित किया कि दर्शन करने पहुंचे लोग जहां के तहां थम गए. हजारों मोबाइल कैमरों ने इस मनोहारी श्रृंगार के मनभावन दृश्यों को कैद किया. मातारानी के दरबार की दिव्यता और भव्यता में 108 मीटर चुनरी और 108 मीटर गजरे ने भी चार चांद लगा दिए. काशी की बेटी के नाम से प्रख्यात वाराणसी से आई मंगल पाठ वाचिका पायल अग्रवाल ने भी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से करीब छह घंटे तक इस उत्सव में आए मालवांचल के हजारों भक्तों को सम्मोहित बनाए रखा.

श्री जीण धाम ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस मंगल पाठ में इस बार भी अनेक विशेषताएं देखने को मिली। ट्रस्ट की ओर से मनीष बंसल एवं धर्मेश बबलू मित्तल ने प्रारंभ में सभी कलाकारों एवं मेहमानों की अगवानी की। कार्यक्रम स्थल पर मातारानी का श्रृंगार करने के लिए जहां मथुरा-वृंदावन के कलाकार वहां के पांच क्विंटल फूलों सहित पधारे, वहीं जयपुर से बुलवाई गई 108 मीटर लंबी चुनरी और जयपुर की ही सुहाग पिटारी तथा मथुरा से बुलवाए गए विभिन्न किस्म के फूलों से मातारानी का भव्य दरबार भी

श्रृंगारित किया और मातारानी को पुष्प बंगले में विराजित भी किया. इस बार कोलकाता से आए सोहनी चक्रवर्ती डांस ग्रुप के कलाकारों ने भी मातारानी को समर्पित नाट्य प्रस्तुति से ऐसा जीवंत चित्रण किया कि हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध जमे रहे.

ट्रस्ट की ओर से शिवरतन खंडेलवाल, जीण माता मासिक मंगल पाठ उत्सव समिति के डॉ. नितिकेश मित्तल, दिशा मित्तल सहित युवाओं की टीम ने पूरे समय इस परिसर को भक्तिभाव से जोड़े रखा.

झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान का शुभारंभ 15 से

रीगल चौराहे पर स्थापित होगी इंडिया गेट की प्रतिकृति

प्रख्यात लेखक चेतन भगत भी छात्रों से होंगे रू-बरू

इंदौर. गणतंत्र दिवस पर पिछले 23 वर्षों से लगातार झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान की प्रवर्तक संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण के साथ इस बार अभियान का शुभारम्भ 15 जनवरी को सुबह 10 बजे रीगल चौराहे पर इंडिया गेट की प्रतिकृति की स्थापना और दोपहर 3 बजे रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन और गीता रामेश्वर ट्रस्ट की सहभागिता में देश के प्रख्यात सेलेब्रिटी लेखक और स्तंभकार चेतन भगत के व्याख्यान के साथ होगा.

झंडा ऊँचे रहे अभियान के अंतर्गत इस बार कुल 10 प्रमुख आयोजन होंगे. इंडिया गेट पर प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक स्कूली बच्चे आकर राष्ट्र भक्ति से प्रेरित विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे. अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद शंकर लालवानी, सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा एवं सचिव कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि 16 जनवरी को एसजीएसआईटीएस के एनसीसी और एनएसएस के कैडेट्स के द्वारा सुबह 8.30 बजे से कॉलेज प्रांगण से मार्चपास्ट कर इंडिया गेट पहुंचकर अनाम शहीदों को आदरांजलि प्रस्तुत करेंगे. 17 जनवरी को सुबह 8.30 बजे गाँधी हॉल से अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों स्कूली बच्चों की रैली प्रारंभ होकर इंडिया गेट पहुंचेगी. संगीत संध्या में रवीन्द्र नाट्यगृह में प्रस्तुतियां दी जाएंगी. 19 जनवरी को सुबह 10 बजे रेसीडेंसी एरिया स्थित सन्मति हा.से. स्कूल की सहभागिता में पर्यावरण में पेड़ और तितलियों का सम्बन्ध विषय पर पर्यावरणविद डॉ. ओपी जोशी एवं डॉ. किशोर पंवार दिलचस्प जानकारियां देकर छात्रों से संवाद करेंगे. 20 जनवरी को गीता रामेश्वर ट्रस्ट के सहयोग से जाल सभागृह में 15 प्रमुख स्कूलों के छात्र-छात्राएं अंतरविद्यालयीन देश भक्ति संगीत स्पर्धा में अपनी प्रस्तुतियां देंगे. 21 जनवरी को शाम 7.30 बजे स्टेट प्रेस क्लब और अभिनव कला समाज द्वारा गाँधी हॉल स्थित अभिनव कला समाज के सभागृह में नाटक बाल भगवान का मंचन किया जाएगा. 24 जनवरी को शाम 4 बजे शहर के यातायात परिदृश्य और समाधान विषय पर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में बेंगलुरु के इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड रिसर्च सेंटर के निर्देशक आशीष वर्मा अपनी बात रखेंगे.

शहीद के परिजन सम्मानित

25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व बेला में शाम 6 बजे प्रीतमलाल दुआ सभागृह में देवास जिले के शहीद सैनिक संजय मीना के परिजनों का सम्मान किया जाएगा जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित किया गया है. इसी दिन शाम 7.30 बजे से रीगल चौराहा स्थित इंडिया गेट की प्रतिकृति पर शहर के नागरिकों द्वारा अनाम शहीदों के नाम श्रद्धा की एक मोमबत्ती लगाने का व्यापक आयोजन बीएसएफ बैंड की शानदार प्रस्तुति के बीच होगा. 30 जनवरी को सुबह 10 बजे शहीद दिवस पर मोहन से महात्माऊ शीर्षक से प्रीतमलाल दुआ सभागृह में दास्तानगोई में सुश्री भारती दीक्षित विशेष प्रस्तुति देंगी.

एक नजर में — इन्दौर महानगर में संगठित हिन्दू समाज के अभूतपूर्व हिन्दू सम्मेलन

शहर की गलियों में गूंजा हिंदू गौरव गान, दिखा उत्साह



इन्दौर. महानगर का प्रत्येक बस्ती क्षेत्र आज हिन्दू गौरव और हिन्दू एकता के प्रतीक बन गये बस्ती हिन्दू सम्मेलन का साक्षी बना. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत स्थानीय हिन्दू समाज व संगठनों द्वारा आयोजित इन सम्मेलनों में हिन्दू परिवारों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया. परिवार के बच्चों द्वारा अनेक प्रभावी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई. दूधिया ग्राम में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित समाज जन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख माननीय अनिल जी ओक ने कहा कि माँ दुर्गा के आठों हाथों में शस्त्र हैं, और चरणों के नीचे महिषासुर पड़ा हुआ है- यह ध्योतक है कि हमारी मातृशक्ति प्रेम, दया व करुणा की मूर्ति तो है ही लेकिन आवश्यकता पड़ने पर वही चण्डी, काली और दुर्गा का रूप रखकर देश,समाज एवं धर्म की रक्षा कर सकती है. धर्म का वास्तविक अर्थ व स्वरूप समझकर हमें अपने समक्ष खड़े कर्तव्यों का संपूर्ण मनोयोग से पालन करना होगा. उन्होने बताया कि हमारे महापुरुषों ने उनके जीवनकाल में कष्टों का वरण करके सर्वोत्तम व अनुकरणीय जीवन मूल्य स्थापित किए.

समाज में एकता का महत्व बताया

सभी आयोजनों में संत समाज, मातृ शक्ति तथा संघ के वक्ता का उद्बोधन रहा। संत समाज की ओर से जहां अपनी संस्कृति से जुड़े रहने एवं समाज में एकत्व का महत्व बताया तो वहीं मातृ शक्ति से वक्ताओं ने पंच परिवर्तन को साकार करने एवं कुटुंब व्यवस्था को सशक्त करने की बात कही. संघ वक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष यात्रा एवं राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर उद्बोधन दिया गया. सभी कार्यक्रमों में मातृ शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं .सभी कार्यक्रमों में उपस्थित समाज-जन भारत माता की आरती के पश्चात समरसता भोज में सम्मिलित हुए. आज सम्पन्न हुए 251 हिन्दू सम्मेलनों में महानगर के लगभग 12 लाख लोग परिवार सहित उपस्थित रहे. आगामी 18 जनवरी को शेष हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन रहेगा.